जन कल्याण सुरक्षा संघर्ष समिति
डेल्टा - 1, ग्रेटर नॉएडा
जिला - गौतम बुद्ध नगर
( उत्तर प्रदेश )
पिन - 201310

Email id's :-
1) jksssgbn@gmail.com
2) sssgnd@gmail.com
Mob No :- 9968519292, 9911942203

Jan Kalyan Suraksha Sangharsh Samiti

**पत्र संख्या : 123 / सु°स°स° /2021** **दिनांक : 18 / 09 / 2021**

सेवा मे,

अध्यक्ष,

आर० डब्लू० ए०, डेल्टा-1, ग्रेटर नॉएडा

**<u>विषय : सेक्टर डेल्टा-1 की प्रगति, विकास एवम निवासियों की सुरक्षा हेतु सुझाव एवम मांगे</u>**

महोदय,

कृपया हमारे पत्र संख्या **122 / सु°स°स° /2021** दिनांक **09/09/2021** का अवलोकन करे,

जिसमे हमने सेक्टर की प्रगति, विकास एवम निवासियों की सुरक्षा हेतु सुझाव प्रस्तुत किए थे ।

अब हम पुनः आपकी जानकारी मे निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत कर रहे है ___________

1) डेल्टा.1 सेक्टर मे बच्चो एवम बड़ो के खेलने के लिए कोई प्लेग्राउंड नही है। ऐसे में वे अक्सर छोटे पार्को का इस्तेमाल करते है, जिससे वहां उठने बैठने वाले बुजुर्गो, महिलाओ छोटे बच्चों को चोट लगती रहती है। इसके कारण आए दिन लड़ाई झगडे होते रहते है। यहाँ तक कि कई बार पुलिस भी बुलनी पड़ी है ! ___________________
   
   इस संदर्भ मे हमारा अनुरोध है कि सेक्टर मे खेल का मैदान बनाया जाए !

इसके लिए हमारा यह भी सुझाव है कि अगर डेल्टा- 1 मेट्रो स्टेशन के साथ प्रस्तावित कमर्शियल बेल्ट को एक व्यवस्थित प्ले ग्राउंड बना दिया जाए तो न केवल इस समस्या से निजात पाई जा सकती है, अपितु सेक्टर के निवासियों के घरों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियो का उदय भी हो सकता है !

जहां तक इस ज़मीन के लैंड यूज का सवाल है, तो हमारी जानकारी के मुताबिक यह फिलहाल कमर्शियल है, जिसमे प्ले ग्राउंड का बन पाना संभव नहीं होगा । लेकिन निवासियों कि मांग आग्रह एवम आंदोलन के चलते पहले भी लैंड यूज बदले गए हैं।

Email id's :-
1) jksssgbn@gmail.com
2) sssgnd@gmail.com
Mob No :- 9968519292, 9911942203



अतः आरडब्ल्यूए और निवासियों के माध्यम से यह बात पुरज़ोर तरीके  से रक्खी जाए तो डेल्टा निवासियों के बच्चो, किशोरों और युवाओ को खेलने के लिए उपयुक्त जगह मिल सकेगी ! इससे सेक्टर की तस्वीर एवम तकदीर दोनों ही बदल सकती है !

2) आर° डब्ल्यू° ए° की तरफ से **सी सी टीवी कैमरे** लगाए गए थे ! लेकिन **मार्च – अप्रैल, 2020** के महीनों के दौरान ये सभी कैमरे गायब हो गए। इस बार सुनिश्चित किया जाए कि **जनता व आर° डब्ल्यू° ए°** की संपत्ति की बरबादी इस तरह ना हो। सुरक्षा के साथ ये कैमरे पुनः लगाए जाए !
3) A ब्लॉक एवम अन्य पार्को मे बच्चो के खेल कूद के लिए टूटे हुए झूले एवम फिसल पट्टी जैसे पुराने उपकरणो की मरम्मत कराई जाए एवम नए खेल के उपकरण लगाए जाए !
4) A ब्लॉक के पार्क एवम अन्य पार्को की चारदीवारी एवम ग्रिल की मरम्मत की जाए तथा प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाए !
5) डेल्टा-1 ए ब्लॉक के गेट नंबर 4 के साथ वाली ग्रीन बेल्ट की दीवार को गेट की उचाई तक उठवाया जाए तथा उस पर कटीले तार लगवाए जाए ताकि असामाजिक तत्व सेक्टर मे आसानी से कूद कर प्रवेश न कर सके !
6) डेल्टा-1 ए ब्लॉक मे मेट्रो स्टेशन के साथ वाली दिशा मे तीन प्लाट खाली पड़े है ! इन प्लाट के नम्बर इस प्रकार है__________

   **A-79, A-97, A-108 °** इन तीनो प्लाट के पीछे की मेट्रो की दिशा मे कोई दीवार नही है ! इसके कारण चोर, चरसी, कबाड़ी, अफीमची, नसेड़ी, गाय, सांड एवम अन्य असामाजिक तत्व A ब्लॉक एवम A ब्लॉक के पार्क मे असामाजिक हरकते करते है ! आपसे अनुरोध है कि इन तीनो प्लाट के पीछे की सुरक्षा दीवार तत्काल बनवाने का कष्ट करे !
7) डेल्टा -1 के गेट नंबर - 4 से **कावेरी सिटी सेंटर** जुड़ा हुआ है  ! इसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है ! कृपया ध्यान दे कि______गेट नम्बर 4 के साथ **सुरक्षा दीवार** बनी हुई थी ! इसे तोड़ दिया गया था ! सुरक्षा की दृष्टि से इसे पुनः बनवाया जाए !
8) गेट नम्बर 4 के सामने दोनों और **बड़े बड़े वृक्ष** थे, जिन्हे कावेरी ने आर° डब्ल्यू° ए° की सहमति अथवा असहमति से उखाड़ दिया था ! ये वृक्ष पुनः लगाए जाए !
9) शिवम प्लाजा के सामने अक्सर जाम लगा रहता है ! **अंडरग्राउंड पार्किंग** को खुलवाया जाए, ताकि बाहर जाम न लगे ! यदि यह संभव न हो तो **शिवम प्लाज़ा के सामने खाली पड़ी हुई जगह में पार्किंग** की व्यवस्था की जाए !

Email id's :-
1) jksssgbn@gmail.com
2) sssgnd@gmail.com
Mob No :- 9968519292, 9911942203



10) शिवम प्लाजा के सामने रेड़ीया लगाई जाती है, इसके कारण खरीददार सड़क पर ही आड़ी तिरछी गाड़ी खड़ी करके सड़क को अवरुद्ध कर देते है ! फलस्वरूप झगड़े की नौबत खड़ी हो जाती है ! _______

    इसी प्रकार मदर डेरी एवम अथॉरिटी की मार्केट के सामने भी ये समस्या मुह बाए खड़ी है !
11) सेक्टर मे कबाड़ी, सब्जी एवम फेरी लगाने वालों को अधिकृत रूप से पास इत्यादि जारी किए जाए ! सेक्टर के अन्दर प्रेस वाले, बाल काटने वालों को पुलिस सत्यापन के साथ पास जारी किए जाए !
12) गेट नंबर 4 के सामने खंबे पर लगा हुआ **भव्य साइन बोर्ड** लगा हुआ था ! इसे पुनः लगवाया जाए !
13) A ब्लॉक के मकान नंबर **A-195** से **A-187** एवम **A-87** से **A-68** के सामने वाली सड़क पर भयंकर तेजी से कार मोटरसाइकिल भगाई जाती है ! हर पल असुरक्षा रहती है ! पहले भी जानलेवा दुर्घटनाए होती रही है ! अतः इन दुर्घटनाओ को रोकने एवम निवासियों की जान की सुरक्षा के लिए मकान नंबर **A-195 से A-187** तथा मकान नंबर **A-87** से **A-68** वाली सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाए !
14) गेट नम्बर 4 व अन्य गेट, 11 बजे के बाद यदि बन्द कर दिया जाए तो सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनेगी ! सुबह 5 बजे सिर्फ छोटा गेट खुलना चाहिए ! पूरे समय सिर्फ बड़ा गेट नंबर 1 ही खुलना चाहिए !
15) गेट नम्बर 4 व उसके बगल वाली **ग्रीन बेल्ट की दीवार** पर कटीले तार से तारबन्दी होनी चाहिए !
16) गेट नम्बर 4 के छोटे गेट को लोहे की सरिया से बेल्डिंग की हुई है ! यह गेट भी रात्रि को बंद होना चाहिए !
17) **शर्दी गर्मी** को ध्यान मे रखते हुए गार्डो की सुविधा के लिए गेट नम्बर 4 व अन्य गेट के साथ गार्ड रूम की व्यवस्था होनी चाहिए !
18) रात्रि के समय गार्ड द्वारा सीटी बजा कर गश्त होनी चाहिए ! गार्ड बदलते रहने चाहिए!
19) वर्तमान कंपनी से लिये गए गार्ड अब दूसरी कंपनी से लेने चाहिए ताकि पुरानी व्यवस्था बदल जाए ! उनके पास वायर्लेस सिस्टम होना चाहिए !
20) गेट नम्बर 4 के पास मकान नम्बर **B1 ओयो रूम** कमर्शियल है, रिहाइशी सेक्टर की जगह में खोलना वर्जित है! अतः ऑथोरिटी के नियमनुसार इसे बंद होना चाहिए ! ताकि सेक्टर में अनजान एवम असामाजिक तत्वो की प्रविष्टि बन्द हो !

Email id's :-
1) jksssgbn@gmail.com
2) sssgnd@gmail.com
Mob No :- 9968519292, 9911942203

Jan Kalyan Suraksha Sangharsh Samiti

21) शिवम प्लाज़ा के सामने पुलिस की गाड़ी खड़ी रहती है! उनसे अनुरोध किया जाए कि सेक्टर के सभी ब्लॉको मे औचक निरीक्षण किया करे !

22) डेल्टा – 1 मेट्रो स्टेशन की दिशा में रोड पर असामाजिक तत्व चरसी, नसेड़ी, अफीमची आदि नशे के पदार्थ चोरी छुपे बेचते है ! इससे सैक्टर के निवासी महिला, पुरुष एवम बच्चो पर विपरीत असर पड़ता है ! इस पर बंदिश लगाई जाए !

23) मेट्रो के नीचे अंजान वाहन **ट्रक, बस, ट्रैक्टर** इत्यादि घंटो खड़े रहते है! उनके ड्राईवर हेल्पर रात्रि मे **नशीले पदार्थो** का सेवन करते है और सुबह खुले में मेट्रो के पास **शौच भी करते है** ! इससे सेक्टर मेट्रो से यात्रा करने वाले निवासियों मे भय का वातावर्ण उत्पन्न होता है ! _______ पुलिस अधीक्षक और मेट्रो अधिकारियों की मद्दत से इन पर प्रतिबंध लगाया जाए !

24) ब्लॉक A के **मकान नंबर A-240** मे अवैध रूप से **कमर्शियल होटल** खुला हुआ है ! अंजान लोगो का आना जाना रहता है ! बड़ी संख्या में गाडियाँ खड़ी रहती है ! गाड़ियों मे म्यूजिक बजता रहता है ! अतः रिहयशी इलाके मे इस प्रकार की कमर्शियल गतिविधि पर रोक लगाई जाए !

सेक्टर की प्रगति एवम सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त मुद्दो पर यथा शीघ्र कार्रवाई की जाए ! हम सभी सेक्टरवासी आपके आभारी रहेंगे !

हार्दिक धन्यवाद सहित,

भवदीय

जन कल्याण सुरक्षा संघर्ष समिति, डेल्टा-1

jksssgbn@gmail.com